भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 691

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

तिरुचिरापल्ली के रॉकफोर्ट मंदिर हेतु रोप-कार सुविधा

691. श्री दुरई वाइको:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली में प्रमुख विरासत और तीर्थ स्थलों में से एक, रॉकफोर्ट मंदिर में रोपवे/रोप-कार सुविधा प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव या अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार का विचार बुजुर्ग व्यक्तियों, दिव्यांगों और मंदिर के दर्शन करने आने वाले तीर्थयात्रियों की पहुंच को सुगम बनाने के लिए सुधार करने हेतु एक रोप कार सुविधा स्थापित करने के लिए वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान करने का है; और

(घ) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) रोपवे सहित परिवहन अवसंरचना का विकास एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार को समय-समय पर तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के तकनीकी-वित्तीय परिणाम, मानदंडों की पूर्ति और परियोजना प्राथमिकता ढांचे के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

*****